M.P.Power Generating Company Limited

समाचार

श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के इंजीनियरों और कार्मिकों ने दिखाया फिर कमाल

660 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 3 ने 200 दिन विद्युत उत्पादन करने का बनाया रिकार्ड

जबलपुर, 1 जुलाई। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (एसएसटीपीपी खंडवा) के अभियंताओं व कार्मिकों ने एक बार फिर कमाल दिखाते हुए 660 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट नंबर 3 को 200 दिन तक संचालित करने में सफलता हासिल की है। यह यूनिट 12 दिसंबर 2023 से बिना रूके हुए लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। 18 नवम्बर 2018 को इस यूनिट ने कॉमर्शियल विद्युत उत्पादन प्रारंभ किया था और तब से यह अभी तक का सर्वश्रेष्ठ सतत् विद्युत उत्पादन का नया कीर्तिमान है। यह विद्युत अभियंताओं के समर्पण, कड़ी मेहनत व प्रतिबद्धता के कारण संभव हो पाया। उनके प्रयास के कारण मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी प्रदेश में बिजली की आपूर्ति को विश्वसनीय बनाने में योगदान दे पायी है।

सभी मापदंड में सफल हुई यूनिट नंबर 3-660मेगावाट की यूनिट ने जब 200 दिन सतत् विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने विद्युत उत्पादन के स्थापित विभिन्न मापदंड को पूर्ण करने में सफलता पायी। यूनिट नंबर 3 ने 90.92 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 83.6 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 5.29 फीसदी ऑक्जलरी कंजम्पशन की उपलब्धि हासिल की।

टीम एसएसटीपीपी को ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ने दी बधाई-मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के यूनिट नंबर 3 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता से सभी को गर्व महसूस हो रहा है। यूनिट नंबर के अभियंताओं व कार्मिकों ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रदर्शन सुधार अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि टीम एसएसटीपीपी उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना जारी रखेगी। पावर जनरेटिंग कंपनी एसएसटीपीपी से इससे और अधिक योगदान देखने के लिए तत्पर है।

समाचार क्रमांक: 11/2024

(पंकज स्वामी)

जनसम्पर्क अधिकारी